आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.07.2026 समय : 1905

- प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से सीमावर्ती गांवों से जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का किया आह्वान।
- लोक परीक्षा में अनुचित साधनों पर रोक लगाने के लिए लोकसभा में परीक्षा सुधार की दिशा में संशोधन विधेयक पेश किया गया।
- परिवहन निदेशालय श्रीविजयपुरम ने वाहनों की मरम्मत और कलपुर्जों की आपूर्ति के लिए अनुभवी फर्मों से पंजीकरण आवेदन किए आमंत्रित।
- अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा मुख्य भूमि के संस्थानों में द्वीप समूह के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों की मेरिट सूची जारी की गई।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से भारत के सीमावर्ती गांवों से अपना जुड़ाव मजबूत करने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विकसित गांवों को विकसित भारत की नींव बताया। प्रधानमंत्री ने मेरा युवा भारत (माई भारत) मंच के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की बढ़ती भूमिका की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवा न केवल विकसित भारत के प्रेरक बल हैं, बल्कि इसके सबसे बड़े लाभार्थी भी हैं। श्री मोदी ने कहा कि जब युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने और समाधान खोजने की दिशा में लगाया जाता है, तो देश का भविष्य उज्ज्वल होता है। उन्होंने कहा कि जब युवा यथार्थ की धरातल से जुड़ते हैं, तो वे समावेशी विकास की दिशा में भारत की यात्रा को मजबूत करते हैं।

**<><><><><><><>**

लोकसभा में आज लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया गया। पहले स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

के मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह विधेयक सदन में प्रस्तुत किया। यह विधेयक लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन का प्रावधान करता है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि परीक्षा सुधार की दिशा में यह विधेयक पहला महत्वपूर्ण कदम है और इस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने सदस्यों से सहयोग और सार्थक चर्चा की अपील की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा सुधारों पर एक उच्चस्तरीय कार्य बल के गठन की घोषणा की है, जिसका नेतृत्व प्रख्यात प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणी करेंगे। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि कार्य बल परीक्षा सुधारों पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि देश की परीक्षा प्रणाली विश्वसनीय, पारदर्शी होनी चाहिए और प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग करना चाहिए।

<><><><><><><>

पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न से सम्मानित और प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की आज पुण्यतिथि है। 'मिसाइल मैन' के नाम से विख्यात डॉ. कलाम ने देश के रक्षा और अंतरिक्ष अनुसंधान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मन की बात कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. कलाम ने बच्चों और युवाओं को बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी।

<><><><><><><>

परिवहन निदेशालय, श्री विजयपुरम ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न मरम्मत कार्यों तथा परिवहन विभाग के वाहनों के कलपुर्जों और हार्डवेयर सामग्री की आपूर्ति के लिए योग्य और अनुभवी फर्मों के पंजीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन का निर्धारित प्रपत्र और दिशा–निर्देश विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इसके साथ ही फर्में अनुसूची में दिए गए एक या अधिक कार्यों के लिए अलग–अलग आवेदन कर सकती हैं। इच्छुक फर्में 3 अगस्त तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे के बीच परिवहन निदेशालय के खरीद अनुभाग से सम्पर्क कर सकती हैं।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे में पिछले साढ़े तीन महीने से एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं होने के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन किया। सहायक आयुक्त श्याम खासी धावा के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से जारी रखा। आश्वासन के अनुसार, इस महीने के अंत तक एमवी सीलिंग कार्गो पोत के माध्यम से 1,800 एलपीजी सिलेंडर तथा नौसेना के जहाज से 250 सिलेंडर लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा प्रशासन के कार्गो पोत एमवी चुगलम के माध्यम से दो सौ उनसठ सिलेंडर लाने की भी कोशिश की जा रही है। अगस्त माह में एमवी मनाओ स्टार कार्गो पोत से 2,000 सिलेंडर लाने की योजना है। प्रदर्शन में तीनों पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में आम जनता ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग कैम्पबेल बे स्थित सीसीएस के माध्यम से एलपीजी सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति बहाल करना है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के सचिवालय ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए मुख्य भूमि के संस्थानों में बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, एमबीबीएस (मलयाली मूल) और बीएएमएस (मलयाली मूल) पाठ्यक्रमों में द्वीप समूह के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों पर नामांकन हेतु आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की मेरिट सूची जारी की है। सभी पात्र उम्मीदवारों की अनंतिम मेरिट सूची कल से कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगी। उम्मीदवार दावे या आपत्तियां 31 जुलाई को शाम 5 बजे तक सहायक सचिव (उच्च शिक्षा), अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, सचिवालय, श्री विजयपुरम के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे या आपत्तियां उम्मीदवार के हस्ताक्षर के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए। आवेदन में उम्मीदवार का नाम और पता, शिकायत या दावे का विवरण, पंजीकरण संख्या, पाठ्यक्रम का नाम, श्रेणी तथा अनंतिम मेरिट सूची में क्रम संख्या का उल्लेख करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त किसी भी दावे या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, पोर्ट ब्लेयर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के विभिन्न डिप्लोमा कार्यक्रमों में अतिथि संकाय सदस्य और अंशकालिक प्रशिक्षकों के पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार एक अगस्त को संस्थान में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के दिन शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की प्रतियाँ तथा सत्यापन के लिए मूल प्रमाणपत्र साथ लाने होंगे। साक्षात्कार और डेमो विषयों की जानकारी संस्थान की वेबसाइट dbrait.andamannicobar.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा कार्यदिवसों में सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

उधर, पॉलिटेक्निक डिगलीपुर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 (ऑड सेमेस्टर) के लिए विभिन्न डिप्लोमा कार्यक्रमों में अतिथि संकाय सदस्य और अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती हेतु साक्षात्कार 4 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। योग्यता, साक्षात्कार कार्यक्रम और डेमो विषयों का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पात्र उम्मीदवारों को प्रमाणपत्रों की प्रतियां अकादमिक सेल, डीब्रेट में जमा करनी होंगी। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक डीब्रेट और सरकारी पॉलिटेक्निक डिगलीपुर के अकादमिक सेल से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए संसाधन व्यक्तियों और अतिथि संकाय का अद्यतन पैनल जारी कर दिया है। यह पैनल महाविद्यालय की वेबसाइट तथा अंडमान एवं निकोबार प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करा दिया गया है। चयनित उम्मीदवारों को सत्यापन के लिए रिपोर्टिंग के समय अपने मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के साथ स्थानीय प्रमाणपत्र लाने होंगे। गैर–स्थानीय उम्मीदवारों के लिए डेमो कक्षाएं ऑनलाइन, जबकि स्थानीय उम्मीदवारों के लिए ऑफलाइन आयोजित की जाएंगी। डेमो कक्षाओं की तिथि और समय की जानकारी उम्मीदवारों को फोन के माध्यम से दी जाएगी।

<><><><><><><>